पंजाब केसरी
सदा आपके साथ
जन्मदिन विवाह वर्षगांठ
बेटे/बिटिया के जन्मदिन | नव-विवाहित जोड़े की | अपने विवाह की वर्षगांठ की
फोटो हमें भेजें। प्रकाशन निःशुल्क होगा
newsjpr@punjabkesari.net.in
whatsapp
9803164436
नोट: मेल में नाम, माता-पिता का नाम, पता और मोबाइल नम्बर जरूर लिखें।

व्हाइट कोट सेरेमनी में स्ट्रोक पर विशेषज्ञों ने किया जागरुक

जयपुर, 9 सितंबर (पंजाब केसरी): विश्व फिजियोथेरेपी दिवस के मौके पर एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ फिजियोथेरेपी की ओर से मंगलवार को कार्यक्रम आयोजित हुआ। 300 से अधिक विद्यार्थियों, फैकल्टी सदस्यों व स्वास्थ्य क्षेत्र के पेशेवरों ने भाग लिया।

कार्यक्रम में कार्डियोवैस्कुलर रोग और स्ट्रोक की रोकथाम, प्रबंधन एवं पुनर्वास को लेकर विशेषज्ञ सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. डॉ. अमित जैन और प्रो-वाइस चांसलर प्रो. डॉ. जीके असेरी ने की। विशेषज्ञों ने कहा कि बदलती जीवनशैली के कारण गैर-संचारी रोगों का खतरा बढ़ रहा है। ऐसे में फिजियोथेरेपी स्वास्थ्य सेवाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है।

मोती डूंगरी में सजे 2 लाख मोदक, 348 किलो पंचामृत से विनायक का अभिषेक

251 किलो के दो और 200 किलो के दो विशाल मोदक बने आकर्षण

150 हलवाइयों ने तैयार की

जयपुर, 9 सितंबर (पंजाब केसरी) : प्रथम पूज्य भगवान गणेश के जन्मोत्सव को लेकर शहर में भक्ति चरम पर है। मोती डूंगरी गणेश मंदिर में बुधवार को असंख्य मोदकों की भव्य झांकी सजाई गई। झांकी में 251 किलो के दो, 200 किलो के दो तथा 51 और 21 किलो के कई विशाल मोदक विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। करीब 150 हलवाइयों ने 15 हजार किलो सामग्री से दो लाख से अधिक छोटे-बड़े मोदक तैयार किए। शाम 6:30 से रात 9 बजे तक श्रद्धालुओं को निःशुल्क मोदक प्रसाद वितरित किया गया।

मंगलवार को भौम्य पुष्य नक्षत्र के अवसर पर मोतीडूंगरी गणेश मंदिर में 348 किलो पंचामृत से अभिषेक हुआ। भगवान गणेश को नवरत्न जड़ित स्वर्णमुकुट धारण कराया गया और केले की विशेष झांकी सजाई गई। गणेशोत्सव में मोतीडूंगरी मंदिर में 13 सितंबर को सिंजारा भी आयोजित हुआ। सोजत से आई करीब 3500 किलो मेहंदी से भगवान गणेश का सिंजारा किया गया। शाम को 5 स्थानों पर मेहंदी वितरित की गई। भगवान को ननिहाल से आई नवीन पोशाक भी धारण कराई गई।

नहर के गणेशजी महाराज और परकोटा मंदिरों में भी अनुष्ठान

नहर के गणेशजी मंदिर में महंत जय शर्मा के सान्निध्य में गणपति अथर्वशीर्ष पाठ और दूर्वा मार्जन अभिषेक हुआ। मंदिर को रजवाड़ी कांच और गोल्डन नक्काशी से सजाया गया। परकोटा गणेश मंदिर और गीला गायत्री मंदिर में भी विशेष धार्मिक अनुष्ठान हुए। नौ दिवसीय गणेशोत्सव का समापन 15 सितंबर को भगवान गणेश की शोभायात्रा के साथ होगा।

19 घंटे खुले रहे जन्मोत्सव के दर्शन

14 सितंबर को गणेश जन्मोत्सव पर मंदिर में विशेष दर्शन व्यवस्था रही। मंगला आरती से शुरू हुआ दर्शन क्रम रात 11:40 बजे शयन आरती तक चला। श्रद्धालुओं को करीब 19 घंटे दर्शन का अवसर मिला। लाखों श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखते हुए पहली बार महिलाओं के लिए अलग दर्शन लाइन की व्यवस्था की गई। मंदिर में छह एंट्री और आठ एग्जिट पॉइंट बनाए गए तथा भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को नियंत्रित करने के लिए होल्डिंग एरिया भी बढ़ाया गया।

पीएचईडी ठेकेदारों की सांकेतिक हड़ताल शुरू, प्रदेश में तीन घंटे जलापूर्ति ठप

तीन दिन बाद पूरी तरह सप्लाई बंद करने का ऐलान

जयपुर,9 सितंबर (पंजाब केसरी) : ऑल राजस्थान पीएचईडी ठेकेदार एसोसिएशन और राज्य सरकार में करीब तीन माह पहले हुई बातचीत के बाद भी मांगों पर अमल न होने के चलते जलदाय विभाग के ठेकेदारों की चरणबद्ध हड़ताल बुधवार से शुरू हो गई। संघर्ष समिति के सयोंजक ओमप्रकाश विश्नोई के अनुसार बुधवार को सुबह 8 से 11 बजे तक सांकेतिक रूप से प्रदेशभर में जलापूर्ती बंद रखी गई। गुरुवार को 6 घंटे और शुक्रवार 11 सितंबर को 8 घंटे पानी की सप्लाई बंद रखी जाएगी। इसके बाद भी सरकार की ओर से ठोस आश्वासन नहीं मिलता है तो 12 सितंबर से प्रदेशभर में अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी जाएगी, जिसमें पेयजल व्यवस्था पूरी तरह से ठप करने का विकल्प खुला रहेगा।

विश्नोई के अनुसार, 17 जून को सरकार और ठेकेदारों के बीच बनी सहमति में लगभग 1000 करोड़ रुपए का भुगतान 7 दिन में और अतिरिक्त 1000 करोड़ रुपए का भुगतान 10 जुलाई 2026 तक जारी करने का वायदा किया गया था,जिसके बाद ठेकेदारों ने हड़ताल वापस लेने और पानी की आपूर्ती बंद करने की चेतावनी वापस ले ली थी। सितंबर आ जाने पर भी विभाग ने घोषणा के अनुरूप कदम नहीं उठाया। लिहाजा ठेकेदारों को हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया है।

यह थे सहमति के बिंदू जिन पर नहीं हुआ अमल

बीडब्ल्यूएस व एमवीएस योजनाओं में एसएनए के माध्यम से 25 जून तक 1 हजार करोड़ व 10 जुलाई तक अतिरिक्त एक हजार करोड़ रुपए का भुगतान

एसवीएस योजनाओं का 15 जुलाई तक पात्र योजनाओं का 578 करोड़ रुपए का भुगतान

जीएसटी दरों में बढ़ोतरी के भुगतान के संबंध में वित्त विभाग को पत्रावली अनुमोदन के लिए भेजा जाना

एसडी राशि को 10% से कम करने के मामले पर 15 जुलाई के बाद विचार किया जाना

जल जीवन मिशन की पात्र पेयजल योजनाओं के संचालन एवं संधारण का भुगतान राज्य मद से करवाना

प्रचार का शोर थमा, अब बूथ मैनेजमेंट और घर-घर संपर्क पर जोर

दूसरे चरण में 147 निकायों के लिए कल होगा मतदान

जयपुर, 9 सितंबर (पंजाब केसरी): नगरीय निकाय चुनाव के दूसरे चरण के लिए बुधवार शाम 6 बजे चुनाव प्रचार का शोर थम गया। पार्षद प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों का सार्वजनिक प्रचार अभियान समाप्त हो गया। अब प्रत्याशी जनसभा, जुलूस, रोड शो, लाउडस्पीकर और खुले तौर पर मतदाताओं से वोट मांगने जैसी गतिविधियां नहीं कर सकेंगे। इसके साथ ही चुनावी माहौल प्रचार से हटकर बूथ मैनेजमेंट, कार्यकर्ताओं के समन्वय और मतदाताओं से व्यक्तिगत संपर्क पर केंद्रित हो गया है। दूसरे चरण में 6 नगर निगम, 20 नगर परिषद और 121 नगर पालिकाओं में मतदान होगा। इन निकायों में 11 सितंबर को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। प्रचार समाप्त होने के बाद प्रत्याशी व्यक्तिगत रूप से घर-घर संपर्क कर सकते हैं, लेकिन इसे सार्वजनिक सभा या प्रचार अभियान का रूप नहीं दिया जा सकेगा।

सोशल मीडिया पर भी रहेगी निगरानी

राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह के अनुसार प्रचार समाप्त होने के साथ ही सार्वजनिक चुनाव प्रचार पर रोक प्रभावी हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारियों को आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। सोशल मीडिया पर भी चुनाव प्रचार से संबंधित गतिविधियों में निर्वाचन नियमों और आचार संहिता का पालन करना होगा।

शराब बिक्री पर रोक : मतदान से पहले चुनाव वाले निकाय क्षेत्रों में प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है। मतदान को देखते हुए संबंधित क्षेत्रों में सूखा दिवस रहेगा और शराब की बिक्री पर रोक होगी। इसके साथ ही बाहरी नेताओं और ऐसे राजनीतिक कार्यकर्ताओं की गतिविधियों पर भी नजर रखी जाएगीए जो संबंधित निकाय क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं। प्रचार समाप्त होने के बाद ऐसे लोगों के क्षेत्र में मौजूद रहकर मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश पर प्रशासन नजर रखेगा।

54 हजार से ज्यादा जवान संभालेंगे सुरक्षा

दूसरे चरण के मतदान के लिए करीब 54,533 सुरक्षाकर्मियों की तैनाती प्रस्तावित है। इनमें आरएसी की 57 कंपनियां शामिल हैं। संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्रों पर अतिरिक्त सुरक्षा बल और निगरानी व्यवस्था रहेगी।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda
119

क्षेत्रीय [illegible] आस्ति वसूली शाखा, बड़ौदा भवन
द्वितीय मंजिल, प्लॉट नं. 13 एयरपोर्ट प्लाजा, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर-302018
फोन: 0141-2727166, ई-मेल: armjai@bankofbaroda.bank.in

संक्षिप्त वाहन ई-नीलामी नोटिस

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को नोटिस दिया जाता है कि बैंक ने पार्टियों द्वारा निष्पादित हाइपोथिकेशन / ऋण समझौते के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित मोटर वाहन को जब्त कर लिया है और वाहन को 'जहां है, जैसा है और जो कुछ भी है' के आधार पर बेचा जाएगा, और नीचे उल्लिखित खातों / खातों में देय राशियों की वसूली की जाएगी। उधारकर्ता / जमानतदार / वाहन / कुल बकाया / आरक्षित मूल्य / ई-नीलामी तिथि और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है–

क्र. सं.	ऋणी / जमानतदार का नाम व पता	कुल बकाया राशि	दृष्टिबंधक वाहन का विवरण	ई-नीलामी की दिनांक ई-नीलामी का समय बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय	आरक्षित मूल्य धरोहर राशि (ईएमडी) बोली वृद्धि राशि	वाहन/चल संपत्ति की निरीक्षण तिथि और समय
1.	मैसर्स जेएनवी ट्रेडिंग कंपनी प्रोपाइटर एवं जमानतदार- श्री जगराम यादव, प्लॉट नंबर 484, ओ ब्लॉक, नारायण विहार, मानसरोवर, जयपुर, राजस्थान 302020	रु. 21786419/- दिनांक 08.09.2026 तक बकाया + ब्याज, लागत, प्रभार एवं अन्य वसूली व्यय आदि।	मैसर्स जेएनवी ट्रेडिंग कंपनी के नाम पर वाणिज्यिक वाहन Bharatbenz 5528TT 4X2 BSVI-11 का बंधक, पंजीकरण नं. RJ14GT2551, चेसिस नं. MEC862FCDRP162592, इंजन नं. 926956D0170646, रंग- आर्कटिक व्हाइट, ईंधन- डीजल।	28.09.2026 दोपहर 02.00 बजे से सांय 06.00 बजे तक दिनांक 27.09.2026 रात्रि 11.59 बजे से पहले	आरक्षित मूल्य रुपये 24,00,000/- धरोहर राशि रुपये 2,40,000/- बोली वृद्धि राशि रुपये 5,000/-	27.09.2026 प्रातः 11.00 बजे से सांय 04.00 बजे तक। वाहन स्थित है– पी-5 रामनगर [illegible] जयपुर रोड, जोधपुर

बिक्री की विस्तृत शर्तों एवं नियमों हेतु कृपया वेबसाइट लिंक https://baanknet.com देखें। संभावित बोलीदाता प्राधिकृत अधिकारी से मोबाइल नंबर 9116014474 पर संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक: 09.09.2026 स्थान: जयपुर

प्राधिकृत अधिकारी,
बैंक ऑफ बड़ौदा

नेत्रदानी परिजनों और प्रतिभागियों का सम्मान

जयपुर, 9 सितंबर (पंजाब केसरी): नेत्रदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से राजस्थान आई बैंक सोसाइटी की ओर से आयोजित राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का एचसीएमरीपा (ओटीएस) में सम्मान समारोह के साथ समापन हुआ। समारोह में अंधता निवारण के लिए योगदान देने वाले चार लोगों को सम्मानित किया गया। साथ ही नेत्रदान जागरूकता को लेकर आयोजित रील प्रतियोगिता के तीन विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

समारोह के मुख्य अतिथि मुख्य सचिव वी. श्रीनिवासन और विशिष्ट अतिथि एचसीएमरीपा की महानिदेशक श्रेया गुप्ता रहे। उन्होंने आई बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष बीएल शर्मा, उपाध्यक्ष ललित कोठारी और सचिव डॉ. उषा बापना के साथ सम्मानितजनों को पुरस्कार प्रदान किए।

संस्था की स्थापना फरवरी 2002 में हुई थी। अब तक मृत्युपरांत नेत्रदान की इच्छा या परिजनों की सहमति से 27 हजार से अधिक कॉर्निया दान में प्राप्त किए जा चुके हैं। पखवाड़े के दौरान जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों और शिक्षण संस्थानों में निशुल्क नेत्र जांच, जागरूकता सत्र और रैलियां आयोजित की गईं। सोसाइटी ने नेत्रदान का संकल्प लेने को मिस्ड कॉल सुविधा भी शुरू की है।

नॉन-क्लीनिकल ड्यूटी वाले अब वार्डों में जाएंगे

एसएमएस अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी से नर्सेज नेताओं ने की मुलाकात

जयपुर, 9 सितंबर (पंजाब केसरी): सवाई मानसिंह अस्पताल में मरीजों की बढ़ती जरूरत और नर्सिंग स्टाफ की कमी के बीच अस्पताल प्रशासन ने ड्यूटी व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने का फैसला किया है। अब नॉन-क्लीनिकल काम में लगाए गए नर्सिंग कर्मचारियों को वापस वार्डों में लगाया जाएगा, ताकि मरीजों की देखभाल के लिए नर्सिंग स्टाफ की उपलब्धता बढ़ाई जा सके। वहीं जिन महिला नर्सेज के बच्चे एक वर्ष छह माह से छोटे हैं, उनकी ड्यूटी ओपीडी में लगाने की व्यवस्था की जाएगी। ये फैसले चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मृणाल जोशी और संयुक्त नर्सेज संघर्ष समिति के नेताओं के बीच हुई बैठक में लिए गए।

बैठक में अस्पताल में नर्सेज की कमी का मुद्दा प्रमुखता से उठा। डॉ. जोशी ने कहा कि एसएमएस आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। नर्सिंग स्टाफ की कमी दूर करने के लिए सरकार को पत्र लिखकर पर्याप्त नर्सेज उपलब्ध कराने की मांग की जाएगी।

अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था भी बैठक के एजेंडे में रही। चोरी और आगजनी की घटनाओं को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों, सुरक्षा गार्ड और डिजास्टर मैनेजमेंट दस्ते को मजबूत किया जाएगा। नर्सिंग स्कूल के लिए नई डीपीआर तैयार करने पर भी निर्णय हुआ। बैठक में उप अधीक्षक डॉ. जगदीश मोदी, डॉ. गिरधर गोयल, अतिरिक्त अधीक्षक डॉ. अजीत सिंह शेखावत, डॉ. प्रदीप शर्मा, नर्सिंग अधीक्षक सविता शर्मा तथा नर्सेज नेता चंद्रकांत शर्मा, जेपी कस्वा, हरिसिंह भाटी, रामवीर सोलंकी और महिपाल सामोता सहित अन्य मौजूद रहे।

चंबल अभयारण्य में अवैध खनन पर सरकार सख्त

जयपुर, 9 सितंबर (पंजाब केसरी) : राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में अवैध बालू-बजरी खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत कर दी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों एवं केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति की सिफारिशों की पालना को लेकर बुधवार को शासन सचिवालय में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की अब तक की अनुपालना और आगामी न्यायालयीन सुनवाई की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा की गई।

मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार चंबल अभयारण्य के संरक्षण को लेकर गंभीर है। कोर्ट के निर्देशों की समयबद्ध एवं अक्षरशः पालना सुनिश्चित की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से 9 अगस्त को विस्तृत शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया जा चुका है तथा अधिकांश महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्रवाई पूरी कर ली गई है।

अवैध खनन और परिवहन पर नजर रखने के लिए अभयारण्य क्षेत्र के 40 अत्यधिक संवेदनशील स्थलों पर हाईटेक सर्विलांस सिस्टम स्थापित किया जा रहा है। यहां हाई-मास्ट टावर, ऑप्टिकल फाइबर, एआई और थर्मल नाइट विजन कैमरों के माध्यम से 24 घंटे निगरानी होगी। नदी के बदलते स्वरूप और अवैध परिवहन के नए रास्तों की पहचान के लिए कलेक्टरों की ओर से नियमित ड्रोन सर्वे कराया जाएगा।

मानवीय सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की गई है। धौलपुर, सवाई माधोपुर, बूंदी, करौली और कोटा जिलों में चिह्नित 40 संवेदनशील स्थलों पर 5-5 सशस्त्र होमगार्ड जवानों की तैनाती के लिए बजट स्वीकृत एवं आवंटित किया जा चुका है।

40 संवेदनशील स्थलों पर हाईटेक निगरानी 5-5 सशस्त्र होमगार्ड जवान होंगे तैनात

आम सूचना म न. 254 पुरोहित जी का कटला, जोहरी बाजार, जयपुर. यह मकान 125 वर्षो से हमारा घर है इस में मेरे अलावा नरेन्द्र पुरोहित एंव परिवार का भी रिहायशी घर है, इस मकान में वे एवं हमारा परिवार पिढ़ियों से रह रहे है अब वे अपने हिस्से के मकान, एवं हमारी सौसिरी सुविधाऐ भी अपने बता कर विक्रय करना चाहते है यह रेजिडेंशियल मकान है (कामर्शियल कन्वर्टेड नहीं है) जिसका कानुनी 'प्रथम क्रय अधिकार' (हकशफ़ा अधिकार) मेरा है अत: इस मकान में कोई भी व्यक्ति एवं किरायेदार उनसे सम्पत्ती ख़रीदता है। उनसे गुपचुप छुपाकर खरीद लेने वालो से ख़रीदता है तो वह ख़रीद शुन्य होगी। **कमल जैन पंसारी, मो. 9166671777**

आम सूचना यह कि भूखण्ड संख्या 106-ए, राधा रेजीडेन्सी, हाथोज, कालवाड़ रोड जयपुर क्षेत्रफल 100.00 वर्ग गज का आवंटन पत्र भैरव गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर द्वारा दिनांक 12.10.1997 को श्री प्रहलाद गुर्जर पुत्र श्री धन्ना गुर्जर के पक्ष में जारी किया गया था। श्री प्रहलाद गुर्जर का स्वर्गवास 16.11.2013 व श्रीमती सोनी देवी पत्नी श्री प्रहलाद गुर्जर का स्वर्गवास दिनांक 20.07.2017 को होने के पश्चात उनके विधिक उत्तराधिकारियों प्रकाशी देवी जसोधा देवी, जनता देवी (पुत्रियां), श्री किशन लाल (पुत्र), ने उक्त भूखण्ड में अपना अविभाजित हिस्सा जरिये हकत्याग पत्र दिनांक 09.01.2026 को श्री चौथमल गुर्जर पुत्र स्व. प्रहलाद गुर्जर के पक्ष में त्याग कर दिया। तत्पश्चात् श्री चौथमल गुर्जर ने उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री धर्मराज गुर्जर पुत्र सुवालाल गुर्जर को जरिये विक्रय पत्र दिनांक 09.01.2026 कर दिया। अब उक्त भूखण्ड का विक्रय श्री धर्मराज गुर्जर पुत्र श्री सुवालाल गुर्जर द्वारा श्री नितेश अग्रवाल पुत्र श्री ब्रजमोहन अग्रवाल के पक्ष में किया जा रहा है। उक्त सम्पत्ति को श्री नितेश अग्रवाल पुत्र श्री ब्रजमोहन अग्रवाल द्वारा बंधक रखा जाकर आई सी आई सी आई होम फाईनेंस कम्पनी लि. जयपुर से ऋण लिया जा रहा है। यदि उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या स्व. प्रहलाद गुर्जर व स्व. श्रीमती सोनी देवी के उत्तराधिकारियों के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो सात दिन में पेश करें। बाद मियाद आपत्ति अमान्य होगी।
ह./- आर एम लॉ एसोसिएट्स, राजीव मित्तल, एडवोकेट

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अचल सम्पत्ति आवासीय प्लाट नम्बर-21 एवं 22, योजना प्रेम नगर, ब्लॉक-ए, जगतपुरा, जयपुर, राज., क्षेत्रफल 400 वर्गगज है। उक्त सम्पत्ति/प्लाट, सम्पूर्ण लाडो देवी को कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर द्वारा भूमि पट्टा विलेख/विक्रय पत्र दिनांक 20.12.2010 द्वारा प्राप्त हुई। लाडो देवी का स्वर्गवास दिनांक 28.09.2022 को हो गया। इनके स्वर्गवास के पश्चात इनके विधिक उत्तराधिकारियों में इनके पति लक्ष्मीनारायण मीणा व एक पुत्री सीता मीणा है, इनके अतिरिक्त स्व. लाडो देवी के अन्य कोई विधिक उत्तराधिकारी नही है। लक्ष्मीनारायण मीणा व सीता मीणा उक्त सम्पत्ति के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी, काबिज, अधिकारी हुये। लक्ष्मीनारायण मीणा व सीता मीणा ने जयपुर विकास प्राधिकरण के पत्र क्रमांक 1706 दिनांक 11.08.2023 द्वारा उक्त प्लाट नम्बर 21, 22, सम्पूर्ण को स्वयं के नाम हस्तांतरित करवा लिया। लक्ष्मीनारायण मीणा व सीता मीणा ने उक्त सम्पत्ति प्लाट नम्बर 21, 22, सम्पूर्ण को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 31.07.2024 द्वारा महावीर प्रसाद गोयल, सचिन अग्रवाल व कपिल साहू को विक्रय कर दिया। इस प्रकार महावीर प्रसाद गोयल, सचिन अग्रवाल व कपिल साहू उक्त सम्पत्ति प्लाट नम्बर-21 एवं 22, योजना प्रेम नगर, ब्लॉक-ए, जगतपुरा, जयपुर, राज., क्षेत्रफल 400 वर्गगज, सम्पूर्ण के अविभाजित हिस्से के संयुक्त रूप से मालिक, स्वामी, काबिज, अधिकारी हुये। अब जया मेघानी व भारती मेघानी उक्त सम्पत्ति प्लाट नम्बर-21 में से पश्चिमी भाग, कुल क्षेत्रफल 100 वर्गगज, सम्पूर्ण को महावीर प्रसाद गोयल, सचिन अग्रवाल व कपिल साहू से क्रय कर रही है, जिस बाबत मेरी अभिभाय्य वित्तीय संस्था LIC HFL से ऋण ले रही है, सर्वसाधारण को उक्त सम्पत्ति के विधिक वारिसान, मालिकाना हक, स्वामित्व, कब्जे, अधिकार पर कोई आपत्ति हो तो पन्द्रह दिवस में लिखित में मय दस्तावेज सूचित करे अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।
ऋषिकेश महर्षि, एडवोकेट (एस.आर.एम. पार्टनर)
पता:- 82, एवरेस्ट विहार, किंग्स रोड, निर्माण नगर, जयपुर, राज.

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना

भारत संघ के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से उप मुख्य अभियन्ता निर्माण, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर इच्छुक ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक फॉर्मेट पर ऑन लाइन खुली ई निविदा (दो पैकेट प्रणाली) आमंत्रित करते हैं। 1. **निविदा सूचना संख्या:** उपरे-एससी- बीकेएन-3-2026-27; 2. **कार्य का नाम स्थान सहित:** बीकानेर डिवीजन के बीकानेर-लालगढ़ सेक्शन में LC नंबर 140 (कोटे गेट फाटक) पर 2x4.00mx2.50m साइज का RUB और LC नंबर 141 (सांखला फाटक) पर 4mx2.5m साइज का पैदल यात्रियों के लिए सबवे (कवरिंग और अन्य सहायक कार्यों के साथ) बनाने का काम। 3. **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 11,70,83,335.82; 4. **जमा की जाने वाली बिड सिक्यूरिटी:** रु. 23,57,700.00; 5. **निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की दिनांक:** 08.10.2026 को 15.00 बजे तक; 6. **वेबसाइट का विवरण जहाँ पर ई निविदा देखी जा सकती है:** www.ireps.gov.in; 7. **कार्यालय का ई मेल पता:** dyceebkn@gmail.com; **नोट:** 1. कोई भी निविदा व्यक्तिगत रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी। 2. बिड सिक्योरिटी (धरोहर राशि) का भुगतान नकद ई पेमेंट गेटवे द्वारा अथवा भारत स्थित किसी Scheduled Commercial Bank द्वारा जारी बैंक गारंटी बॉन्ड अथवा निविदा दस्तावेज में उल्लेखित अनुसार किया जाना चाहिए। बैंक गारंटी बॉन्ड वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी निर्माण उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर के पक्ष में ही जारी किया जाना चाहिए अन्यथा निविदा मान्य नहीं होगी।
1292-AM/26

हमें /NWRailways पर फॉलो करें

गो०ब० पन्त कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पन्तनगर-263145 जनपद-ऊधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

रोजगार सूचना सं. ए- 30/2026

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर के विभिन्न महाविद्यालयों के विभिन्न विषयों में **सह-प्राध्यापक (एकेडमिक लेवल- 13A)** के पदों पर चयन के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पदों का विवरण, वेतनमान, सामान्य निर्देश और आवेदन पत्र वेबसाइट **https://www.gbpuat.ac.in** पर उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 10.10.2026 को शाम 05:00 बजे** तक है। आवेदन पत्र केवल स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से **मुख्य कार्मिक अधिकारी कार्यालय (नियुक्ति अनुभाग), गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर, जिला-ऊधम सिंह नगर, उत्तराखंड, पिन- 263145** के पते पर भेजे जाने चाहिए।

मुख्य कार्मिक अधिकारी

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, नगरखण्ड जैसलमेर

क्रमांक/अधि.अभि./निविदा/जैसल/2026-27/3573 दिनांक : 01.09.2026

बिड आमंत्रण सूचना (NIB)संख्या :- 15/2026-27

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से जन स्वा. अभि. विभाग राजस्थान के अन्तर्गत इस खण्ड के अधीन विभिन्न सिविल एवं अन्य कार्यों हेतु अनुमानित लागत रू. 25.00 लाख के कुल 01 कार्य हेतु राजस्थान सरकार के अधीन पंजीकरण नियमो के तहत् उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 14.09.2026 सांय 06 :00 बजे तक डॉउनलोड की जाकर दिनांक 15.09.2026 को म्ध्यान्ह 1 :00 बजे बिड शुल्क, ई-प्रक्रिया शुल्क, धरोहर राशि का चालान भौतिक रूप से इस कार्यालय में जमा कर उसी दिनांक 3 :00 बजे इच्छुक उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा से संबंधित विवरण DIPR की वेबसाइट WWW.dipronline.org, www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं। निविदा संख्या 15/2026-27 का विभागीय वेबसाइट www.sppp.raj.nic.in से प्राप्त (NIB No:- PHE2627A2428) & UBN No. PHE2627WSRC04895 हैं :-

ह./-
(अशोक कुमार) अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग नगरखण्ड- जैसलमेर

DIPR/C/15698/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग खंड राजसमन्द

Phone :- 02952-223136 **E-Mail:** phedrajd@gmail.com
क्रमांक : अअ/राज/निविदा/2026-27/1681 **दिनांक :** 31.08.2026

निविदा सूचना संख्या 37-41/2026-27
(NIB No. PHE2627A2399)

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खंड के अधिन निम्नलिखित कार्यों के लिये उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों के निर्धारित प्रपत्र में खुली/दर संविदा निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है। निविदा निम्नानुसार निर्धारित दिनांक को इस कार्यालय द्वारा बेची जाकर उपस्थित निविदादाताओं या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी। **धरोहर राशि का ई-चालान 8443-00-108-00-00 हेड में जमा कर संलग्न करना होगा** तथा DDO Code 11243 अधिशाषी अभियन्ता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग खंड राजसमंद के नाम ई-चालान मद 0075-00-800-52-01 में निविदा शुल्क जमा कराकर निविदा प्रपत्र SPPP पोर्टल से प्राप्त किया जा सकता है उपरोक्त के अभाव में निविदा अमान्य होगी।

UBN No.- PHE2627WSRC04829, PHE2627WSRC04830, PHE2627WSRC04831, PHE2627WSRC04832, PHE2627WSRC04833

ह./- अधिशाषी अभियन्ता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खंड राजसमन्द

DIPR/C/15610/2026

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, जन.स्वा. अभि.विभाग, जिलावृत जोधपुर भैरूजी चौराहा, पाली रोड जोधपुर

ईमेल:-sephedjdp1@gmail.com दूरभाष 0291-2651740, फैक्स नं.:- 0291-2651740
क्रमांक: एसईडी/जो/क्रय/2026-27/2506-23 दिनांक : 01.09.26

-:निविदा संख्या 49 से 54/2026-27:-

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु मोहरबंद निविदाऐ आमंत्रित की जाती है। विस्तृत निविदा एवम् निविदा प्रपत्र website:www.dipr.rajasthan.gov.in www.rajwater.gov.in एवम् http://sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध हैं। ऑन लाईन निविदा डाउनलोड/अपलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक को 14.06.26 सायं 6.00 बजे तक निर्धारित है।

S.No.	NIT No.	यू.बी.एन. कोड़
1	**49**	NIB code PHE2627A2406 and UBN is: PHE2627WSRC04842
2	**50**	NIB code PHE2627A2407 and UBN is: PHE2627WSRC04843
3	**51**	NIB code PHE2627A2408 and UBN is: PHE2627WSRC04844
4	**52**	NIB code PHE2627A2410 and UBN is: PHE2627WSRC04846
5	**53**	NIB code PHE2627A2411 and UBN is: PHE2627WSRC04847
6	**54**	NIB code PHE2627A2412 and UBN is: PHE2627WSRC04849

Total NIT Work	6
Total Estimated Cost	1200.00 Lacs
ऑनलाइन निविदा फार्म मिलने एवं जमा कराने की तारीख	01.09.2026 को 06.00 पी.एम. से 14.09.2026 को 6.00 पी.एम.
ऑनलाइन निविदा खोलने की तारीख	15.09.2026 को 1.00 पी.एम.तक

ह./- अधीक्षण अभियन्ता,
जनस्व.अभि.विभाग, जिलावृत जोधपुर

DIPR/C/15662/2026

HDFC BANK
We understand your world

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड शाखा: सी-25, भगवान दास रोड, सेंट जेवियर स्कूल के सामने, सी-स्कीम, जयपुर-302001 CIN L65920MH1994PLC080618 Website: www.hdfcbank.com रजिस्टर्ड कार्यालय : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुम्बई-400020

मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (अधिनियम) में धारा 13(2) सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 (नियम) के नियम 3 के तहत

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (अधिनियम) में धारा 13(12) सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम 2002 (नियम) के नियम 3 (पूर्ववर्ती एचडीएफसी लिमिटेड का दिनांक 17 मार्च 2023 के आदेश के तहत माननीय एनसीएलटी-मुंबई द्वारा अनुमोदित समामेलन योजना के आधार पर एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ विलय हो गया है) (एचडीएफसी) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग पत्र धारा 13(2) के अन्तर्गत ऋणियों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों जिनका नाम निम्नलिखित तालिका में वर्णित है को निर्गमित किये गये जिसमें सम्बन्धित मांग पत्रों में 60 दिवस के भीतर निम्न विवरण के अनुसार सम्बन्धित नोटिसों की राशि का पुनर्भुगतान करने के लिए कहा गया था। [illegible]

क्र. सं.	ऋणियों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों का नाम	कुल बकाया राशि	मांग सूचना की दिनांक	प्रतिभूत आस्तियों/ अचल सम्पत्तियों का विवरण
(a)	(b)	(c)	(d)	(e)
1.	श्रीमती विमला देवी पत्नी श्री सुखराम लालाराम विश्नोई, श्री सुखराम लालाराम विश्नोई पुत्र श्री लालाराम विश्नोई खाता संख्या: 629137285, फाइल आईडी: 228978	रु. 9,09,597/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	प्लॉट नंबर 69, खसरा नंबर 321/1, कुम्भ एन्क्लेव राजस्व ग्राम-पाल, सर्वे नंबर पाल, तहसील एवं जिला जोधपुर, राजस्थान-302006, सीमाएं: उत्तर: सड़क, पश्चिम: प्लॉट नंबर 70, पूर्व: प्लॉट नंबर 68, दक्षिण: जेडीए अनुमोदित योजना
2.	श्री पवन कुमार जैन पुत्र श्री मेवा लाल जैन, श्रीमती मंजू जैन पत्नी श्री पवन कुमार जैन खाता संख्या: 633434811, 694382629, 694439536, फाइल आईडी: 227671	रु. 12,32,685/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	मकान नंबर 113/254, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर-राजस्थान-302020, सीमाएं:- उत्तर: सड़क, पश्चिम: 113/255, पूर्व: 113/253, दक्षिण: 113/276 क्षेत्रफल लगभग- 50.92 वर्गमीटर।
3.	श्री प्रेम पाल चौधरी पुत्र श्री जगदीश राम चौधरी, श्रीमती राजेश्वरी पत्नी श्री प्रेम पाल चौधरी खाता संख्या: 649044723, 629695316 फाइल आईडी: 228754	रु. 17,46,899/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	प्लॉट नंबर ए-3 (25' X 45'), श्री कृष्णा विहार, खसरा नंबर 615, 692, 693, 695, ग्राम- बिरमीसर, बीकानेर, राजस्थान-334001, क्षेत्रफल:- 1125 वर्गफुट। सीमाएं: उत्तर: सड़क, पश्चिम: प्लॉट नंबर 84, पूर्व: प्लॉट नंबर 82, दक्षिण: सड़क
4.	श्री राजेश कुमार रोहलान पुत्र श्री नौरंग मल रोहलान खाता संख्या: 658526083, 658526014, 667177588 फाइल आईडी: 227914	रु. 8,24,731/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	प्लॉट (22'X46'), पट्टा नंबर 3164, खसरा नंबर 793, वार्ड-43 (46 नया) अम्बेडकर नगर, फतेहपुर रोड, सीकर, राजस्थान-332001, सीमाएं: उत्तर-जगदीश, दक्षिण-कैलाश, पूर्व-सड़क, पश्चिम-जगदीश, क्षेत्रफल लगभग-1012 वर्गफुट (निर्मित क्षेत्र)
5.	श्री नरेन्द्र गहलोत पुत्र श्री नर सिंह गहलोत, श्रीमती निर्मला गहलोत पत्नी श्री नरसिंह गहलोत खाता संख्या: 660923610 फाइल आईडी: 228947	रु. 12,07,760/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	प्लॉट नंबर 1810/16-1, खसरा नंबर 378, 16 राजस्व गांव, [illegible], ग्राम मंडोर, जोधपुर, राजस्थान 342304 सीमाएं:- उत्तर: प्लॉट नंबर 1810/16-2, पश्चिम: मीना देवी, पूर्व: सड़क, दक्षिण: सड़क
6.	श्री गोपाल राम चौधरी पुत्र श्री पूसा राम चौधरी, श्रीमती मैना देवी पत्नी श्री गोपाल राम चौधरी खाता संख्या: 688528507 फाइल आईडी: 228781	रु. 28,13,364/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	यूनिट-308/16, खसरा नंबर 97-16, राजस्व ग्राम-[illegible], जोधपुर, राजस्थान- 342008, सीमाएं:- उत्तर: सड़क, पश्चिम: सड़क, पूर्व: मदन सिंह का मकान, दक्षिण: मोहिनी देवी का मकान क्षेत्रफल: 307.76 वर्गगज।
7.	श्री लोकेन्द्र कुमार खाती पुत्र श्री धर्म चंद खाती [illegible] लोकेन्द्र कुमार खाती खाता संख्या: 702668875, फाइल आईडी: 228999	रु. 8,58,390/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	फ्लैट नंबर 325, तीसरी मंजिल, घर आंगन, ब्लॉक- 'ए' ग्राम जैतपुरा [illegible], तहसील सांगानेर, जयपुर, राजस्थान-302019 क्षेत्रफल लगभग- 545 वर्ग फुट (विक्रय योग्य क्षेत्र)
8.	श्री मान सिंह पुत्र श्री अन्ना सिंह रावत एवं श्रीमती रितु पत्नी श्री मान सिंह खाता संख्या: 630268907, 628664287 फाइल आईडी:- 228267	रु. 3,95,771/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	फ्लैट-सी1-602, [illegible] खसरा नंबर 460, 461, 461/1156, 465/1157, 464 ग्राम [illegible], तहसील [illegible], राजस्थान। क्षेत्रफल लगभग- कारपेट एरिया- 36 वर्गमीटर, सुपर बिल्ट अप एरिया- 45 वर्गमीटर, बिल्ट अप एरिया- 538 वर्गफुट।
9.	श्री दीनदयाल गोठवाल पुत्र श्री गजानंद गोठवाल एवं श्रीमती शांति पत्नी श्री गजानंद खाता संख्या: 630498177, 627439741 फाइल आईडी: 228952	रु. 10,23,491/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	फ्लैट-सी-जी18, [illegible] खसरा नंबर 314 एवं 368 ग्राम-[illegible], तहसील एवं जिला-अलवर। क्षेत्रफल लगभग:- कारपेट एरिया- 431.48 वर्गफुट, [illegible] बालकनी- 33.50 वर्गफुट, बिल्ट अप एरिया- 463.78 वर्गफुट, सुपर एरिया- 550 वर्गफुट।
10.	श्री राकेश [illegible] पुत्र श्री फूलचंद सैन एवं श्रीमती प्रियंका सैन पत्नी श्री राकेश [illegible] खाता संख्या: 658723433, 668567791 फाइल आईडी :- 228987	रु. 25,77,338/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	यूनिट-75-सी-दक्षिण-मध्य भाग, 75 का पूर्वी भाग, स्कीम नंबर 1 [illegible] कॉलोनी, फेज II, [illegible], सीकर रोड, जयपुर। क्षेत्रफल लगभग- 51.93 वर्गगज, (43.42 वर्गमीटर) सीमाएं:- पूर्व- सड़क, पश्चिम- प्लॉट नंबर 75 का पश्चिमी भाग, उत्तर- दक्षिण, प्लॉट नंबर 75 के पूर्वी भाग का मध्य भाग, दक्षिण- प्लॉट नंबर 80
11.	श्री असलम खान पुत्र श्री इकबाल खान एवं श्रीमती जुबेदा खान सिकंदर पत्नी श्री इकबाल खान एवं श्री सिकंदर खान पुत्र श्री इकबाल खान खाता संख्या: 627098926, 626300387 फाइल आईडी: 228986	रु. 15,56,848/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	चौथी मंजिल, फ्लैट ए-[illegible] ब्लॉक-ए प्लॉट 314 से 317 एवं 321 से 330 उद्योग नगर, कालवाड़ रोड झोटवाड़ा, जयपुर (राज.) क्षेत्रफल. 1315 वर्गफुट।
12.	श्री आशीष मुखर्जी पुत्र श्री [illegible] प्रसाद मुखर्जी खाता संख्या: 668744923, 621375980, 621916202, 674282226 फाइल आईडी: 228865	रु. 25,36,708/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	प्लॉट 403 का दक्षिणी भाग, 404 का उत्तरी भाग, कॉलोनी सिविल लाइन्स, ग्राम [illegible], चित्तौड़गढ़, राजस्थान। क्षेत्रफल 320.25 वर्गफुट। सीमाएं: उत्तर: प्लॉट नंबर 402, दक्षिण: प्लॉट नंबर 404ए, पूर्व: सड़क, पश्चिम: प्लॉट नंबर 23
13.	श्री कुमार दिनेश पुत्र स्व. श्री मोहन लाल खाता संख्या: 686692956, 689203397, 673929915 फाइल आईडी: 228144	रु. 12,19,938/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	एएमसी नंबर 744/25, क्वार्टर नंबर 156, जाटिया कॉलोनी, 5 दुकान, गांधी नगर, पहाड़गंज, अजमेर दक्षिण, अजमेर-305001, राजस्थान। क्षेत्रफल 46.75 वर्गगज। सीमाएं:- पूर्व: एएमसी नंबर 745/25, पश्चिम: श्री [illegible] की संपत्ति, उत्तर: श्री दिनेश की संपत्ति का आधा भाग, दक्षिण: सड़क।
14.	श्री संजय कुमार मिश्रा पुत्र श्री सुदर्शन मिश्रा एवं श्रीमती सिद्धि मिश्रा पत्नी श्री संजय कुमार मिश्रा खाता संख्या- 661481513, 661481520, 662181528, फाइल आईडी: 227866	रु. 15,74,243/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	मकान नंबर-6-सी-64, भूतल, चन्द्रशेखर आजाद नगर, भीलवाड़ा, राजस्थान, क्षेत्रफल 50.00 वर्गमीटर। सीमाएं:- पूर्व: मकान नंबर 6-सी-25, पश्चिम: मकान नंबर 6-सी-63, उत्तर: 30 फुट सड़क, दक्षिण: मकान नंबर 6-सी-11
15.	श्री हनुमान सहाय मीणा पुत्र श्री राम प्रसाद मीणा एवं श्रीमती उर्मिला मीणा पत्नी श्री हनुमान सहाय मीणा खाता संख्या- 658154846, 664867574 फाइल आईडी: 228948	रु. 19,07,502/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	फ्लैट-डी214, द्वितीय तल, विंग 'डी' [illegible], खसरा नंबर 153, 160, 161/2, ग्राम - [illegible] का बास, अजमेर रोड, तहसील - सांगानेर, जिला जयपुर (राज.) क्षेत्रफल 726.00 वर्गफुट (सुपर बिल्ट अप एरिया)
16.	श्रीमती दया शर्मा पत्नी श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा खाता संख्या- 668597994, 678513634, 670665098, 668597956 फाइल आईडी: 228658	रु. 7,60,744/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	प्लॉट-352-सर्वोदय विहार, ढोल-की-पाटी, राजस्व ग्राम- [illegible] उदयपुर, राजस्थान, क्षेत्रफल 1000 वर्गफुट। सीमाएं: पूर्व: प्लॉट नंबर 373, पश्चिम: सड़क, उत्तर: प्लॉट नंबर 353, दक्षिण: प्लॉट नंबर 351
17.	श्री प्रवेश सोनी पुत्र श्री कैलाश चंद सोनी एवं श्रीमती पूर्णा सोनी पत्नी श्री कैलाश चंद सोनी खाता संख्या. 667592172, 666218091 फाइल आईडी:- 229002	रु. 28,80,791/-* दिनांक 31.07.2026 तक बकाया	26/08/2026	मकान नंबर 207, [illegible], कोटा (राजस्थान) 324009 - भारत। क्षेत्रफल 651 वर्गफुट। सीमाएं:- पूर्व: अन्य प्लॉट, पश्चिम: सड़क, उत्तर: प्लॉट नंबर 208, दक्षिण: प्लॉट नंबर 209

* लागू दर से आगे का ब्याज, आकस्मिक खर्चे, लागतें, शुल्क इत्यादि जो भुगतान/ वसूली की तिथि तक व्यय किये गये।

यदि उक्त ऋणी एचडीएफसी को कथित भुगतान करने में असमर्थ रहते है तब एचडीएफसी उक्त अधिनियम की धारा 13(4) तथा लागू होने वाले नियमों का पूर्णरूप से कथित ऋणियों/कानूनी वारिसों/कानूनी प्रतिनिधियों की जोखिम पर लागतों तथा परिणामों हेतु उपरोक्त प्रतिभूत आस्तियों/ अचल सम्पत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा। ऋणी/कानूनी वारिस/कानूनी प्रतिनिधि उक्त अधिनियम के अन्तर्गत कथित प्रतिभूत आस्तियों/ अचल सम्पत्तियों में विक्रय, पट्टे या अन्य किसी तरीके से बिना एचडीएफसी की पूर्व लिखित सहमति के स्थानान्तरण करने हेतु निषिद्ध है कोई भी व्यक्ति अधिनियम के प्रावधानों या बनाये गये नियमों का उल्लंघन या विरोध करता है तो वह अधिनियम के अन्तर्गत उपलब्ध अर्थदण्ड/सजा के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान: अलवर, नीमराना, जयपुर, चित्तौड़गढ़, अजमेर, भीलवाड़ा, उदयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर
दिनांक:- 10.09.2026

वास्ते एचडीएफसी बैंक लिमिटेड
हस्ताक्षर/- प्राधिकृत अधिकारी